# आदर्श प्रश्न-पत्र (2026-2027)

## कक्षा : 11th

## विषय : हिंदी ऐच्छिक (**Hindi Elective** )

Code No.  523

**समय : 3 घंटे**
**अधिकतम अंक: 80**

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 मुद्रित पृष्ठ  तथा 13 प्रश्न हैं।

प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।

कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरु करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़ें।

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

**सामान्य निर्देश:**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंऐक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश' दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न- 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1x5=5**

मानव के इतिहास के आरंभ से ही विज्ञापन कला का सूत्रपात हो गया था। लोग अपने कार्यों या विचारों के समर्थन के लिए गोष्ठियों या सभाओं का आयोजन किया करते थे। प्रचार के लिए भजन-कीर्तन मंडलियाँ भी बनाई जाती थीं। परंतु उनका क्षेत्र अधिकतर धार्मिक, दार्शनिक या भक्ति संबंधी होता था। वर्तमान विज्ञापन कला विशुद्ध व्यावसायिक कला है और आधुनिक व्यवसाय का एक अनिवार्य अंग है। विज्ञापन के लिए कई साधनों का उपयोग किया जाता है; जैसे हैंडबिल, रेडियो और दीवार-पोस्टर, समाचार-पत्र, पत्रिकाएँ, बड़े-बड़े साइनबोर्ड और दूरदर्शन।

कागज और मुद्रण सुविधा के सुलभ होने से विज्ञापन का उपयोग बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ। बहुत से व्यापारी बहुत बड़े-बड़े विज्ञापन छपवाकर नगर की दीवारों पर चिपकवा देते हैं। बहुत से तो दीवारों पर ही विज्ञापन लिखवा देते हैं। इससे आते-जाते लोगों की नजर उन पर पड़ती है और वह विज्ञापनकर्ता की सेवाओं या वस्तुओं से परिचित हो जाते हैं। फिर जब उसे आवश्यकता पड़ती है तो विज्ञापनकर्ता का नाम ही उसकी स्मृति में उभरता है।

(i) **सूत्रपात' का क्या अर्थ है**?

(क) आरंभ

(ख) प्रारंभ

(ग) शुरुआत

(घ) उपर्युक्त सभी

**(ii) कथन (A) इतिहास के आरंभ में विज्ञापन कला का स्वरूप गोष्ठियाँ था।**

**कारण (R) लोग अपने कार्यों के समर्थन के लिए गोष्ठियाँ या सभाएँ करते थे ।**

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(iii) वर्तमान में विज्ञापन कला है:-**

(क) विशुद्ध शैक्षिक कला

(ख) विशुद्ध धार्मिक कला

(ग) विशुद्ध व्यावसायिक कला

(घ) विशुद्ध दार्शनिक कला

**(iv)उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?**

(क) उत्पादक द्वारा अपने उत्पाद की गुणवत्ता बताना।

(ख) अपने उत्पाद का प्रचार-प्रसार करना।

(ग) गुणवत्ता युक्त उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करना।

(घ) लोकप्रिय बनने के लिए विज्ञापन का सहारा लेना चाहिए।

**(v) विज्ञापन से पूर्व प्रचार-प्रसार का माध्यम क्या था?**

(क) गोष्ठियाँ

(ख )  सभाओं का आयोजन

(ग) लाऊड स्पीकर

(घ) क और ख दोनों

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5 = 5**

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,

मृत्यु एक है विश्राम-स्थल।

जीव जहां से फिर चलता है,

धारण कर नव जीवन संबल।

मृत्यु एक सरिता है, जिसमें

श्रम से कातर जीव नहाकर

फिर नूतन धारण करता है,

काया रूपी वस्त्र बहाकर।

सच्चा प्रेम वही है जिसकी

तृप्ति आत्म-बलि पर ही निर्भर

त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,

करो प्रेम पर प्राण निछावर।

(i). **मृत्यु रूपी सरिता में जीव के नहाने के विषय में कथन और कारण की सत्यता परखिए –**

**कथन : जीव मृत्यु रूपी सरिता में स्नान करता है।**

**कारण : मनुष्य के जीवन में नवीनता का संचार होता है।**

(क) कथन और कारण दोनों सत्य हैं।

(ख) कथन और कारण दोनों असत्त्य हैं।

(ग) कथन सत्य है कारण असत्य है।

(घ) कथन सत्य है कारण असत्य है।

**(ii). कवि ने मृत्यु के प्रति निर्भय बने रहने के लिए क्यों कहा है?**

(क) क्योंकि मनुष्य जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

(ख) क्योंकि मनुष्य मृत्यु के बाद जन्म नहीं लेता।

(ग) क्योंकि मनुष्य मृत्यु के बाद फिर पुरातन रूप में ही रहता है।

(घ) क्योंकि मनुष्य मृत्यु के बाद फिर नया रूप लेकर कार्य करने लगता है।

(iii). **कवि ने मृत्यु को क्या कहा है?**

(क) जन्म-मरण स्थल

(ख) विश्राम-स्थल

(ग) मोक्षदायिनी-स्थल

(घ) कर्म-स्थल

(iv) **' नूतन ' का क्या अर्थ है?**

(क) नया

ख ) शरीर

ग) ईश्वर

घ) माया

(v) **कवि ने मृत्यु की तुलना किससे की है ?**

(क) नारी से

(ख) आकृति से

(ग) सरिता से

(घ) नवीनता से

**खंड-ख**

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x5=5**

**(i) 'ईदगाह' कहानी में हामिद ने मेले में क्या खरीदा ?**

(क) मिठाई

(ख) चिमटा

(ग) भिश्ती

(घ) सिपाही

**(ii) 'दोपहर का भोजन' कहानी की विषय- वस्तु है -**

(क) बेरोजगारी

(ख) पुनर्वास

(ग) बीमारी

(घ) शोषण

**(iii) टॉर्च बेचने वाली कंपनी का क्या नाम था ?**

(का चांदछाप

(ख)ताराछाप

ग ) सूरजछाप

(घ) इनमे से कोई नही

**(iv) 'गूंगे' कहानी का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(क) खाना बनाने की समस्या

( ख) दहेज

( ग) छूआछूत

( घ) जीवन में कभी हार न मानना

**(V) ज्योतिबा फुले ने स्त्री को समानता दिलाने के लिए सबसे पहले क्या करा ?**

(क) नई विवाह विधि की रचना की

(ख) कन्या के लिए पाठशाला खोलना

(ग) सभी को समानता दिलाना

(घ) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 4. निम्नलिखित  प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i)हामिद के चिमटे की उपयोगिता को सिद्ध करते हुए क्या-क्या तर्क दिए? 3

(ii)  गूंगे को देखकर चमेली ने पहली बार क्या अनुभव किया ? 3

(iii)सिद्धेश्वरी ने अपने बड़े बेटे रामचंद्र से मँझले बेटे मोहन के बारे में झूठ क्यों बोला ?2

(iv)चाचा ने लाल का पेंसिल-खचित नाम पुस्तक की छाती पर से क्यों मिटा डालना चाहा ? 2

**प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5=5**

एक रोज़ सूबेसिंह की नज़र किसनी पर पड़ गई। तीन महीने पहले ही किसनी और महेश भट्ठे पर आए थे। पाँच-छः महीने पहले ही दोनों की शादी हुई थी। सूबेसिंह ने उसे दफ़्तर की सेवा टहल का काम दे दिया था। शुरू-शुरू में किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया था। लेकिन जब रोज ही गारे-मिट्टी का काम छोड़कर वह दफ़्तर में ही रहने लगी तो मजदूरों में फुसफुसाहटें शुरू हो गई थीं।

तीसरे दिन सुबह जब मजदूर काम शुरू करने के लिए झोंपड़ियों से बाहर निकल रहे थे, किसनी हैंडपंप के नीचे खुले में बैठकर साबुन से रगड़-रगड़कर नहा रही थी। भट्ठे पर साबुन किसी के पास नहीं था। साबुन और उससे उठते झाग पर सबकी नजर पड़ गई थी। लेकिन बोला कोई कुछ भी नहीं था। सभी की आँखों में शंकाओं के गहरे काले बादल घिर आए थे। कानाफूसी हलके हलके शुरू हो गई थी। महेश गुमसुम-सा अलग-अलग रहने लगा था। साँवले रंग की भरे-पूरे जिस्म की किसनी का व्यवहार महेश के लिए दु:खदाई हो रहा था। वह दिन-भर दफ़्तर में घुसी रहती थी। उसकी खिलखिलाहटें दफ़्तर से बाहर तक सुनाई पड़ने लगी थीं। महेश ने उसे समझाने की कोशिश की थी। लेकिन वह जिस राह पर चल पड़ी थी वहाँ से लौटना मुश्किल था।

**(i)प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम क्या है?**

(क ) खानाबदोश

(ख) गूँगे

(ग) टॉर्च बेचने वाले

(घ) ईदगाह

(**ii**)**किसनी का विवाह किसके साथ हुआ था?**

(क) महेश के साथ

(ख) सुबेसिंह के साथ

(ग) रामसिंह के साथ

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) **महेश गुमसुम क्यों रहने लगा ?**

(क) भट्ठे पर मन न लगने के कारण

(ख ) किसनी के खराब चालचलन के कारण

(ग) बीमारी के कारण

(घ) कम मजदूरी के कारण

(iv)**सभी की आँखों में किस कारण शंका के बादल उभर आए थे?**

(क ) महेश को नौकरी देने से

(ख ) किसनी के साबुन से नहाने से

(ग) किसनी के काम करने से

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(v)**महेश ने किसे समझाया ?**

(क) सूबेसिंह को

(ख) अपनी माँ को

(ग) मजदूरों को

(घ) अपनी पत्नी को

## खंड - ग

**प्रश्न 6. निम्नलिखित बहुविकल्पीय पश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :1×5=5**

**(i) कबीरदास किस विचारधारा को मानने वाले थे ?**

(क) राम काव्यधारा

(ख) कृष्ण काव्यधारा

(ग) शैव पंथ

(घ) निर्गुण काव्यधारा

**(ii) घर में वापसी' कविता का कथ्य क्या है?**

(क)लेखक के घर लौटने की कथा

(ख)गरीबी से संघर्षरत परिवार की व्यथा-कथा

(ग)उपर्युक्त दोनों उत्तर सही हैं

(घ)इनमें से कोई नहीं

**(iii) 'हंसी की चोट ' में किन पंच तत्वों का वर्णन किया गया है?**

(क) पृथ्वी , वायु , जल , अग्नि , आकाश

(ख) दही , घी , दूध , शहद , अमृत

(ग) क और ख दोनों

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(iv) सब आँखों के आँसू उजले' शब्द में "उजले" का क्या अर्थ है?**

(क) सफ़ेद

(ख) विश्वास

(ग) पवित्र

(घ) पानी का रंग

**(V) दरबार' सवैयों में दरबार का राजा कैसा चित्रित किया गया है?**

(क) चतुर और दूरदर्शी

(ख) अंधा और ज्ञानहीन

(ग) दयालु और न्यायप्रिय

(घ) शक्तिशाली और प्रतापी

**प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 5**

अरे इन दोहुन राह न पाई।

हिंदू अपनी करै बड़ाई गागर छुवन न देई।

बेस्या के पायन-तर सोवै यह देखो हिंदुआई।

मुसलमान के पीर-औलिया मुर्गी मुर्गा खाई।

खाला केरी बेटी ब्याहै घरहिं में करै सगाई।

बाहर से इक मुर्दा लाए धोय-धाय चढ़वाई।

सब सखियाँ मिलि जेंवन बैठीं घर-भर करै बड़ाई।

हिंदुन की हिंदुवाई देखी तुरकन की तुरकाई।

**अथवा**

वज्र का उर एक छोटे अश्रु-कण में धो गलाया,

दे किसे जीवन सुधा दो घूँट मदिरा माँग लाया?

सो गई आँधी मलय की बात का उपधान ले क्या?

विश्व का अभिशाप क्या चिर नींद बनकर पास आया?

अमरता-सुत चाहता क्यों मृत्यु को उर में बसाना?

जाग तुझको दूर जाना ।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों  के उत्तर दीजिए:**

(i) खेल में में रूठने वाले साथी के साथ सब क्यों नहीं खेलना चाहते हैं?3

(ii)मगध के माध्यम से 'हस्तक्षेप' कविता किस व्यवस्था की ओर इशारा कर रही है? 3

(iii) महादेवी वर्मा ने 'आँसू' के लिए 'उजले ' विशेषण का प्रयोग किस संदर्भ में किया है और क्यों ? 2

(iv) बादलों का वर्णन करते हुए कवि को कालिदास की याद क्यों आती है? 2

**खंड-घ**

**'अंतराल भाग-1' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों  के उत्तर दीजिए:**

**प्रश्न 9.**(i)प्रचार-प्रसार के पुराने तरीकों और वर्तमान तरीकों में क्या फ़र्क आया है? 2

(ii) हुसैन की कला की क्या विशेषताएं हैं? 2

(iii)नाना के घर किन-किन बातों का निषेध था? शरत् को उन निषिद्ध कार्यों को करना क्यों प्रिय था? 3

**खंड-ड़**

**'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:1X5=5**

**प्रश्न 10** (i) जनसंचार किसे कहते हैं?

(ii) समाचार से क्या  तात्पर्य है ?

(iii)फ्लैश फारवर्ड तकनीक से क्या अभिप्राय है ?

(iv) अर्धसरकारी पत्र किसे कहते हैं?

(v) कार्यवृत्त किसे कहते हैं ?

**प्रश्न 11.**(i) संचार के प्रमुख कार्य कौन-से हैं? **3**

(ii) विश्वज्ञानकोश से क्या अभिप्राय हैं ? **2**

**प्रश्न12.** नाटक और फ़िल्म की पटकथा में क्या अंतर होते हैं ? **5**

**अथवा**

एक अच्छे स्ववृत की क्या विशेषताएं होनी चाहिएँ ?

**खड-च**

**'आदर्श जीवन मूल्य ' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2X4=8**

**प्रश्न 13.**(i) निर्भीक मनुष्य की क्या पहचान है ?

(ii) 'अहिंसा परमो धर्म:' का क्या अर्थ है ?

(iii) जीवन में क्षमा सबसे महत्वपूर्ण क्यों है ?

(iv) वीर सावरकर जहाज से कैसे बच निकले?